म0 प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स किसान भवन जेल रोड भोपाल

E-Mail

क्रमांक/नवीन मण्डी/विविध/46/62/ 325 भोपाल, दिनांक 16 /07/2021

आदेश

प्रदेश में नवीन कृषि उपज मंडी/उप मंडी स्थापना, उपमंडी को स्वतत्र मंडी में उन्नयन/मंडी प्रांगण का विस्तार/उपमंडी प्रांगण का विस्तार या मंडी प्रांगण को नगर/शहर से वाहर स्थानान्तरित करने संबंधी प्रस्ताव माननीय मुख्यमंत्रीजी; माननीय केन्द्रीय मंत्रीगण, प्रदेश के माननीय मंत्रीगण, माननीय संसद सदस्य (लोक सभा/राज्य सभा), माननीय विधायकगण, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से समय-समय पर अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में कृषकों/व्यापारियों की सुविधा संबंधी पत्र/प्रस्ताव मंडी बोर्ड मुख्यालय को प्राप्त होने पर प्रकरण का यथा समय में निराकरण करने के संबंध में निम्नानुसार अधिकारियो/कर्मचारियों की समिति का गठन किया जाता हैः-

क्र0	अधिकारी/कर्मचारी का पदनाम	नाम/पदस्थापना स्थल
1	संयुक्त संचालक/उप संचालक/(नवीन मंडी/ प्रंगण शाखा) तथा उनके सहयोगी के रूप में वरिष्ठ अंकेक्षक अथवा लेखापाल	मंडी बोर्ड मुख्यालय, भोपाल
2	संयुक्त संचालक/उप संचालक	आंचलिक कार्यालय (संबंधित क्षेत्र)
3	कार्यपालन यंत्री/सहायक यंत्री	तकनीकी संभाग (संबंधित क्षेत्र)
4	भारसाधक अधिकारी/ सचिव/ उपयंत्री/ लेखापाल	कृषि उपज मंडी समिति (संबंधित क्षेत्र)

उपरोक्त गठित समिति संबंधित स्थान/नगर/क्षेत्र का संयुक्त स्थल निरीक्षण कर सर्व प्रथम शासकीय भूमि /निजी भूमि /कृषि उपजों की आवक/कृषि उपज के व्यापारियों/ संबंधित स्थान पर मंडी/उपमंडी की स्थापना होने पर वार्षिक आय का आंकलन/स्थानीय क्षेत्र के रहवासियों जन प्रतिनिधियों, कृषकों एवं व्यापारियों से सलाह/मशविरा करके म0प्र0 शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल पत्र दिनांक 2/2/2016 एवं संशोधित मापदण्ड दिनांक 31/5/2019 के परिपेक्ष्य में तथा मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल के पत्र क्रमांक/470-471 दिनांक 29/5/2018 द्वारा प्रेषित निर्धारित प्रश्नावली में उल्लेखित बिन्दुवार प्रतिवेदन तैयार कर नियत समय-सीमा (अधिकतम एक माह में) प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल को प्रस्तुत करेगी।

प्रबंध संचालक संह आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल.

क्रमांक/नवीन मण्डी/विविध/46/62/ 326 भोपाल, दिनांक 16/07/2021

प्रतिलिपि:-

1 विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल।

2 निज सहायक, प्रबंध संचालक, मंडी बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।

3 अपर संचालक/संयुक्त संचालक/अधीक्षण यंत्री/उप संचालक/कार्यपालन यंत्री मंडीबोर्ड मुख्यालय भोपाल।

4 संयुक्त संचालक/उप संचालक , म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय (समस्त)।

5 कार्यपालन यंत्री/सहायक यंत्री, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, तकनीकी कार्यालय भोपाल/इन्दौर/उज्जैन/ ग्वालियर/ जबलपुर/ सागर/ रीवा/सिवनी/ मुरैना/होशंगाबाद (इटारसी)/ मन्दसौर/खरगौन। की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

6 भारसाधक अधिकारी/सचिव, कृषि उपज मंडी समिति, (समस्त)। की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल